दिनांकः 12.08.2024 समय : 09:00 ए.एम.

प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

- प्रदेश के पूर्वी जिलों में भारी बारिश के चलते जनजीवन अस्त–व्यस्त–मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने बुलाई आपात बैठक।
- राज्य सरकार ने लोगों से जलाशयों और जल भराव वाले क्षेत्रों से दूर रहने की अपील की।
- प्रदेश में हर घर तिरंगा अभियान का उत्साह–आज भी कई गतिविधियां आयोजित।
- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पेरिस ओलम्पिक में भारतीय खिलाड़ियों के प्रदर्शन पर जताया गर्व–ओलम्पिक खेलों का हुआ भव्य समापन।

..........................

प्रदेश के जयपुर और भरतपुर संभाग में तेज बारिश के चलते जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हुआ हे। वर्षाजनित हादसों में बीस से अधिक लोगों की मृत्यु हो गई है। करौली, सवाईमाधोपुर और दौसा जिलों में भारी बारिश के चलते आपात स्थिति बन गई है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने अतिवृष्टि की स्थिति को देखते हुए कल रात जयपुर में वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक की। मुख्यमंत्री ने प्रदेश में वर्षाजनित हादसों पर दुख जताते हुए शोक संतप्त परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त की है। श्री शर्मा ने अधिकारियों से प्रभावित क्षेत्रों में बचाव कार्य तेज करने और आने वाले दिनों में मौसम के अनुमान को देखते हुए आवश्यक एहतियाती कदम उठाने को कहा है। मुख्यमंत्री ने अतिवृष्टि प्रभावित क्षेत्रों का जायजा लेने के लिए प्रभारी सचिवों को जिलों का दौरा करने के निर्देश दिये हैं। श्री शर्मा ने विभागों की संयुक्त रूप से टीमें गठित करने और समन्वय के साथ बचाव और राहत कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिये हैं। इस बीच, अतिवृष्टि प्रभावित जिलों, जयपुर, जयपुर ग्रामीण, दौसा, करौली, सवाईमाधोपुर, गंगापुरसिटी और भरतपुर में प्रशासन ने आज सभी स्कूलों में छुट्टी की घोषणा की है।
इधर, मौसम विभाग ने आज भी पूर्वी जिलों के साथ राज्य के कई भागों में तेज वर्षा का अलर्ट जारी किया है। विभाग ने पूर्वी जिलों के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। जबकि करौली, कोटा, बारां और हाडौती क्षेत्र के साथ भरतपुर, अलवर, नागौर, धौलपुर और सीकर जिलों में येलो अलर्ट जारी किया गया है। विभाग ने लोगों से जलाशयों और जलभराव वाले क्षेत्रों से दूर रहने की अपील की है।
विभाग ने उत्तर–पूर्वी राजस्थान और आस–पास बने परिसंचरण तंत्र के चलते प्रदेश में तेज बारिश का दौर अगले चार–पांच दिन जारी रहने की संभावना जताई है।
इस बीच, प्रदेश के विभिन्न भागों से हमारे संवाददाताओं ने खबर दी है कि मॉनसून की सक्रियता ने अब जनजीवन पर विपरीत असर डालना शुरू कर दिया है। राजधानी जयपुर में पिछले कुछ दिनों से जारी बारिश का दौर आज भी बना हुआ है। जिले के कानोता बांध में पिकनिक मनाने गए पांच युवक डूब गए। सभी मृतक जयपुर शहर के रहने वाले हैं।

..........................

दूसरी ओर भरतपुर में बाणगंगा नदी में बहे सातों किशोरों के शव निकाल लिए गए हैं।

..........................

करौली में बारिश का दौर आज भी बना हुआ है। जिले के हिंडौनसिटी में जलभराव से स्थिति गंभीर हो गई है।

..........................

हाडौती क्षेत्र में भी तेज बारिश के बाद नदी नाले उफान पर आ गए हैं। बारां के केलवाडा में भैंसासुर नदी में जलस्तर बढने से कई गांवों का सम्पर्क कट गया है। दौसा, करौली सहित प्रदेश के कई जिलों में हो रही भारी बारिश से उपजे हालातों पर विधायक डॉ. किरोड़ी लाल ने चिंता जताई है। श्री मीणा ने आपदा प्रबंधन सहायता और नागरिक सुरक्षा विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव आनंद कुमार से बातचीत कर राहत कार्यों की जानकारी ली है।

उन्होंने भरतपुर संभागीय आयुक्त और सवाईमाधोपुर, धौलपुर, करौली और दौसा कलेक्टर से बातचीत कर पूर्वी राजस्थान में हो रही वर्षा से हुए नुकसान और जनहानि की जानकारी ली। उन्होंने क्षेत्र के लोगों से मौसम विभाग की चेतावनी को देखते हुए सतर्क रहने की अपील की है।

..........................

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने प्रदेशवासियों से अतिवृष्टि की स्थिति में विशेष सावधानी बरतने की अपील की है। मुख्यमंत्री ने भारी बारिश, आकाशीय बिजली और अन्य प्राकृतिक आपदाओं से पूरी तरह सतर्क रहने को कहा है। श्री शर्मा ने आमजन से जलाशयों और जलभराव वाले क्षेत्रों से दूर रहने की भी अपील की है।

..........................

आजादी की सालगिरह को उत्साह के साथ मनाने और देशप्रेम की भावना के प्रदर्शन को लेकर प्रदेशभर में चलाए जा रहे हर घर तिरंगा अभियान के तहत आज भी कई गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं। विभिन्न स्थानों पर तिरंगा रैली और मार्च निकाला जा रहा है। सरहदी जिले बाड़मेर में अभियान को लेकर लोगों में खासा उत्साह देखा जा रहा है। वहां जागरुकता गतिविधियों में विद्यार्थियों के साथ ग्रामीण भी बढचढ कर भागीदारी निभा रहे हैं।
भीलवाडा में उपखंड स्तर और पंचायत स्तर पर आयोजित तिरंगा रैलियों में आमजन के साथ विभिन्न स्वंय सेवी संगठनों के कार्यकर्ता भाग ले रहे हैं। भरतपुर में अभियान के तहत आज तिरंगा साइकिल रैली निकाली जा रही है। इसमें आमलोगों के साथ एनसीसी स्काउट गाइड तथा सरकारीकर्मी भी शामिल हुए हैं। सवाईमाधोपुर में तिरंगा रैली के साथ ही हस्ताक्षर अभियान में भी लोग उत्साह के साथ देशप्रेम का इजहार कर रहे हैं। हनुमानगढ में जिला कलेक्ट्रेट कार्यालय से निकाली गई तिरंगा यात्रा में बड़ी संख्या में आमजन शामिल हुए और घरों पर तिरंगा फैलाने की शपथ ली। अजमेर में आज सुबह तिरंगा वॉकेथोन रखी गई। वहां कल जिला स्तरीय कार्यक्रम पुष्कर में भी आयोजित किया जाएगा। बीकानेर में पुलिस बैंड ने जूनागढ किले के सामने देशभक्ति की धुनों पर बैंड वादन की प्रस्तुति दी। इस अवसर पर प्रशासनिक अधिकारियों के साथ जनप्रतिनिधि मौजूद रहे। नागौर में कल निकाली गई तिरंगा रैली में बड़ी संख्या में पुलिसकर्मियों ने नारों के साथ देशभक्ति की भावना का प्रदर्शन किया। बारां में अभियान के तहत लोगों ने सावन की फुहारों के बीच उत्साह के साथ मनरेगा कार्य स्थलों पर भी राष्ट्र ध्वज फहराए।

..........................

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि पेरिस ओलम्पिक में सभी खिलाडियों ने अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया है और हर भारतीय को उन पर गर्व है। सोशल मीडिया पोस्ट में श्री मोदी ने कहा कि वे पेरिस ओलंपिक में पूरे भारतीय दल के प्रयासों की सराहना करते हैं। प्रधानमंत्री ने खेल नायकों को उनके आगामी प्रयासों के लिए शुभकामनाएं भी दीं। इस बीच, पेरिस ओलम्पिक 2024 का भव्य समारोह के साथ देर रात समापन हो गया। भारत 6 पदकों के साथ, पदक तालिका में 71वें स्थान पर रहा। भारतीय खिलाडियों ने एक रजत और पांच कांस्य पदक सहित कुल 6 पदक हासिल किये। अमरीका चालीस स्वर्ण सहित कुल 126 पदकों के साथ शीर्ष पर रहा। चीन चालीस स्वर्ण पदकों के साथ 91 पदक जीतकर दूसरे स्थान पर रहा।

..........................